स्वतंत्र समय
हम सिर्फ पत्रकारिता करते हैं
श्रीधाम-गाडरवारा-जबलपुर-करेली-बैतूल-छतरपुर-नरसिंहपुर-पन्ना-दमोह-अशोक नगर
E-PAPER www.swatantrasamay.com
भोपाल 06
रविवार 06 सितंबर 2026

सार-संक्षिप्त

TET की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने मनाया शिक्षक दिवस को काला दिवस



अशोकनगर। शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को TET की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर और काले कपड़े पहनकर विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों ने शिक्षक दिवस को काला दिवस के रूप में मनाते हुए सरकार से 2010 तक नियुक्त शिक्षकों को प्रमोशन से छूट देने की मांग की। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भीम सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक दिवस पर इस तरह विरोध दर्ज कराना शिक्षकों की मजबूरी और पीड़ा को दर्शाता है। उन्होंने सरकार से शिक्षकों की समस्या का मानवीय आधार पर समाधान करने की मांग की। कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी ने कहा कि तिथिनाड्डु की तर्ज पर मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर 2010 तक नियुक्त शिक्षकों को प्रमोशन से छूट देने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेज जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के हितों को देखते हुए सरकार को तत्काल पहल करनी चाहिए। इस अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भी शिक्षकों को प्रमोशन से राहत देने के लिए विधानसभा के माध्यम से प्रस्ताव भेजने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में मध्यप्रदेश सरकार को भी शिक्षकों के हित में इसी प्रकार पहल करनी चाहिए। शिक्षकों ने कहा कि वर्षों सेवा में रिटायर 50 से 55 वर्ष की उम्र में हैं, उनके सामने बच्चों की शादी, परिवार की जिम्मेदारी, नौकरी और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां हैं। ऐसे में उनका सवाल है कि वे प्रमोशन की तैयारी करें, नौकरी करें, बच्चों की जिम्मेदारी संभालें या अपना इलाज कराएं। शिक्षकों ने मांग की कि प्रमोशन अनिवार्य होने की स्थिति में कम से कम छह माह की समयसीमा छूटी देकर तैयारी का अवसर दिया जाए। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार से 2010 तक नियुक्त शिक्षकों को प्रमोशन से छूट देकर उनके भविष्य को सुरक्षित करने की मांग की गई।

गोवंश की हिफाजत, पुलिस ने गोसेवकों को बांटे रेडियम बेल्ट



स्वतंत्र समय, अशोकनगर।

अशोकनगर, बारिश के दौरान सड़कों पर बैठने और विचरण करने वाले गोवंश की सुरक्षा के साथ सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अशोकनगर पुलिस ने संवेदनशील पहल की है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन में मेडिसागढ़ थाना प्रभारी मीना रघुवंशी ने थाना स्टाफ के सहयोगियों गोसेवकों को रेडियम बेल्ट और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य रात के समय सड़क पर मौजूद गोवंश को वाहन चालकों को दूर से दिखाई देना और संभावित दुर्घटनाओं को रोकना है। बारिश और कम दृश्यता के दौरान सड़क पर बैठे पशु अचानक वाहनों के सामने आ जाते हैं, जिससे गंभीर हादसे की आशंका बनी रहती है। रेडियम बेल्ट पर वाहन की हेडलाइट पड़ने पर वह चमकेगी, जिससे चालक समय रहते गोवंश को देख सकेंगे और वाहन की गति नियंत्रित कर सकेंगे। इसके साथ ही घायल और बीमार गोवंश की प्राथमिक देखभाल के लिए गोसेवकों को आवश्यक दवाइयां भी दी गई हैं। इससे दुर्घटना या बीमारी की स्थिति में पशुओं को तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वाहन चालकों से बारिश और रात के समय नियंत्रित गति से वाहन चलाने तथा सड़क पर गोवंश या अन्य पशु दिखाई देने पर सावधानी बरतने की अपील की। पुलिस के अनुसार यह पहल सड़क सुरक्षा, गोवंश संरक्षण और जनभागीदारी को एक साथ जोड़ने का प्रयास है।

अनुभव और ज्ञान को नई पीढ़ी के निर्माण में लगाएं

शिक्षक समाज और राष्ट्र की भावी पीढ़ी का निर्माता है : प्रहलाद पटेल

स्वतंत्र समय, श्रीधाम

विगत दिवस शिक्षक दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज में आयोजित शिक्षक दिवस सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री मा.प्रहलादसिंह पटेल ने कहा कि आज समाज और सरकारतंत्रों को बदलते समय तथा नई पीढ़ी की अपेक्षाकताओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा, नई पीढ़ी के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का समाधान केवल सरकारों के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि परिवार शिक्षक गुरु समाज और अनुभवी नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

जीवन की चुनौतियों के लिए भी करना होगा: मंत्री ने कहा कि जीवन के लंबे अनुभव से समृद्ध लोगों को अपने अनुभवों का उपयोग अगली पीढ़ी के मार्गदर्शन और निर्माण में करना चाहिए, उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत उम्र बढ़ने के साथ उसकी प्राथमिकताओं और जीवन के एजेंडे भी समयानुकूल परिवर्तन होना चाहिए, जो व्यक्ति चालीस पचास या साठ वर्षों का अनुभव प्राप्त कर चुका है, उसका अनुभव केवल उसकी निजी पूंजी नहीं, बल्कि समाज की धरोहर भी है, उन्होंने कहा कि अनेक लोग सेवानिवृत्ति के बाद भी स्वस्थ सक्रिय और अनुभव से समृद्ध हैं, ऐसे लोगों को विचार करना चाहिए कि वे अपने जीवन के अनुभव से आनेवाली पीढ़ी के लिए क्या योगदान दे सकते हैं, विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे युवाओं की बदलती आवश्यकताओं और समस्याओं को समझें तथा अपने अनुभव के आधार पर उनका मार्गदर्शन करें।

मंत्री पटेलनी ने कहाकि आज युवाओं के सामने अनेक नई चुनौतियां हैं, केवल प्रमाणपत्र डिग्री और औपचारिक शिक्षा जीवन की सभी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती, युवाओं को समझने उनके साथ संवाद स्थापित करने तथा उन्हें जीवन के वास्तविक अनुभवों से जोड़ने की आवश्यकता है, उन्होंने कहाकि



युवाओं को केवल उपदेश देने से अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे, उन्हें समाज प्रकृति सेवा और जिम्मेदारियों से जोड़ना होगा, युवाशक्ति को असफल और सही दिशा देकर उनमें यह विश्वास जगाना होगाकि वे समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, नई पीढ़ी में आत्म विश्वास जिम्मेदारी संवेदनशीलता और समस्याओं का समाधान करने की क्षमता विकसित करना आवश्यक है, इसके लिए माता पिता परिवार शिक्षक और समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, अगली पीढ़ी को केवल निर्देशित करने के बजाय उन्हें सक्षम जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करना होगा, कैबिनेट मंत्री पटेलजी ने भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुएकहा कि अध्यात्मिक ज्ञान और मनोविज्ञान के साथ भारत की अपनी मनीषा जीवन-दृष्टि और अनुभव को जोड़कर समाज की अनेक समस्याओं के बेहतर समाधान खोजे जा सकते हैं, उन्होंने कहा कि भारतीयसंस्कृति में सेवा का व्यापक महत्व रहा है, भगवान की सेवा हो, मानव की सेवा हो, सभी प्राणियों अथवा प्रकृति की सेवा— सेवा का प्रत्येक स्वरूप समाज को मजबूत बनाने का कार्य करता है, उन्होंने कहाकि सेवा को कभी छोटा कार्य नहीं समझना चाहिए, व्यक्ति का कर्म और समाज के प्रति उसका दायित्व ही उसकी वास्तविक पहचान है, हमारी भारतीय परंपरा व्यक्ति को उसके कर्तव्य कर्म और सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ने की प्रेरणा देती है, समय के साथ अनेकसामाजिक अवधारणाओं मेंविकृतियां आया है, इसलिए आवश्यक हैकि हम अपनी वैदिक और समातन ज्ञान परंपरा को केवल भावनात्मक दृष्टि से नहीं, बल्कि गंभीर अध्ययन और विवेक के साथ समझें तथासमके मूल जीवन-मूल्यों को वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप आत्मसात करें,

शिक्षक और गुरु की भूमिका है सर्वोपरि

शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए मंत्री पटेलजी ने कहाकि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं है, बल्कि वह समाज और राष्ट्र की भावी पीढ़ी का निर्माता है, शिक्षक और गुरु विद्यार्थियों को ज्ञान देने के साथसाथ उनमें संस्कार जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्य बोध का विकास करते हैं, उन्होंने कहाकि गुरु की महिमा और आचार्य का दायित्व यही है कि वे अपने ज्ञान और अनुभव को आनेवाली पीढ़ी के निर्माण में लगाएं अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन युवा ऊर्जा को सही दिशा प्रदान कर सकता है, किसी भी समाज का भविष्य केवल सरकारें नहीं बनातीं बल्कि परिवार शिक्षक गुरु समाज और अनुभव वान नागरिक मिलकर आनेवाली पीढ़ी का निर्माण करते हैं, इसलिए अनुभव और युवा ऊर्जा के बीच सतत संवाद स्थापित करना समय की आवश्यकता है, आगे मंत्री पटेलजी ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों के योगदान को नमन कर उन्होंने कहाकि शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान संस्कार और मूल्यों का जो बीजारोपण किया जाता है, वही आगे चलकर सशक्त समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बनता है, कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित कर शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया, इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री मा. जातसिंह पटेल जिलापंचायत उपाध्यक्ष अनीतराजेन्द्रसिंह ठकुर राजपालनेही पटक बीडीओ जिलापंचायत गजेन्द्रसिंह ठाकुर ने कहा कि प्रतिभूपुरी गोस्वामी बीमती संध्याकोतरी अर्नतुदुबे आचार्य धम्मरत्नवर्मा राधेश्यामसेन पुरुस्कारसेन शिवकुमार जाट लेखक्रम पराशर बीएस शर्मा डॉ. तारीसपुरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि शिक्षकगण उपस्थित थे।

संस्कार भारती स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस



स्वतंत्र समय, गाडरवारा

संस्कार भारती स्कूल में शिक्षक दिवस का समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही, समारोह में नारायण कौस्व, नरेंद्र राय, गरिमा मेहरा, खुशबू कोरी, आकांक्षा श्रीवास्तव, रिंकू भदौरिया एवं प्रियंका विश्वकर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षकों ने शिक्षक दिवस के महत्व पर अपने विचार साझा किए तथा शिक्षकों के योगदान और उनके सम्मान को लेकर विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण उत्साह, उमंग और सम्मान की भावना से सराबोर रहा। सभी शिक्षकों ने एक-दूसरे को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दीं और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। संस्कार भारती स्कूल परिवार की ओर से सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

रविंद्र पटेल पटनिया वालों ने गाय का संकल्प महाराज जी के जन्मदिन उपलक्ष में उत्सव में गाय दान की

बरहटा। समोलिया श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा पांचवा पदराया दिवस में भगवान श्री भगवान कृष्ण की पुत्तन कथा माखन चोरी मनमोहन कथाएं प्रभु की सुनाई वाचक पंडित विपिन बिहारी जी महाराज के श्री मुख से कथा श्री जन्म कृष्ण अष्टमी पर जन्माष्टमी की कथा सुनाएं महत्व बताया ,5 अगस्त को कथावाचक महाराज जी का जन्मदिन मनाया प्रदेश कैबिनेट मंत्री मानवेन्द्र प्रहलाद सिंह पटेल पंचायत एवं श्रम मंत्री जीमे महाराज जी को शाल श्रीफल पुष्प माला पहनकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।



बैठक में नामांकन, छात्रवृत्ति, पोर्टल अपडेट से लेकर मध्यान्ह भोजन तक की हुई समीक्षा

स्वतंत्र समय, श्रीधाम

विगत दिवस स्थानीय कार्यालयजनपद शिक्षा केंद्र में ब्लाक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिटकी बैठक बीआरसी उमाशंकरडिहरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई,बैठक में दसरथ चड़ार बीएसी एवं समस्त जनशिक्षक उपस्थिति में ब्लाक की शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया गया, बीआरसी ने कहाकि सभी शिक्षक समय पर विद्यालय में उपस्थित रह कर बच्चों की समस्त शैक्षिक गतिविधियां नियमित कराएं,बैठक के प्रमुख निर्देश देते हुए 16 बिंदुओं पर समीक्षा कर नामांकन एवं मैपिंग छात्र वृत्ति प्रोफाइल अपडेशन चाइल्ड ट्रैकिंग एजुकेशन पोर्टल 3.0 डॉपबॉक्स अपडेशन छहुस्था+ निःशुल्क पाठ्य पुस्तक- गणवेश वितरण निर्माण कार्य



व रङ्ग खातों की प्रगति की समीक्षा की गई,स्वच्छ- गुणवत्तापूर्ण हो,मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार गुणवत्तापूर्ण बने रसोइयों की ई-केवाईसी और स्क्रू एप पर दैनिक उपस्थिति अनिवार्य हो,बरसात के मौसम में बच्चों कोविशेष सुरक्षा का ध्यान रखा जाए,शाला परिसर में जलभराव ना हो,स्कूल के शौचालय साफ-स्वच्छ रहें,शाला के आसपास गंदगी न रहे तथा घास- झाड़ियों की नियमित साफसफाई बनी रहे, बीआरसी ने निर्देश दिएकि इंस्पायर अवार्डके तहत प्रत्येक स्कूल से कक्षा 6 से 12 तक के 5-5 आइडिया अनिवार्य रूप से अपलोड कराए जाएं,जनशिक्षक अपने संकुल के सभी हाई एवं हायरसेकंडरी स्कूलों में इसकी मॉनिटरिंग करें।

शासकीय विद्यालयों में सजी आकर्षक झांकियां नाटक नृत्य भजनों की दी गई प्रस्तुतियां

स्वतंत्र समय, श्रीधाम

विगत दिवस गोटेगांव विकासखंड के समस्त शासकीय विद्यालयों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर उत्साह और उल्लास के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, विद्यालयों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं माखन मटकीफोड़ रासलीलाएवं गीता उपदेश पर आधारित आकर्षक झांकियां सजा कर झांकियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके संदेशों का सुंदर और सजीव चित्रण किया गया,छात्रछात्राओं ने श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित नाटक नृत्य एवं भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देने के साथही राधा कृष्ण की आकर्षक



वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने सभी का मनमोह लेने के साथ ही विद्यालय परिसरों में भक्ति एवं उत्सव का वातावरण बना रहा,कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन उनके आदर्शों कर्तव्यबोध एवं संस्कारों से परिचित कराते हुए कहाकि भगवान श्रीकृष्ण जी का जीवन हमें धर्म सत्य कर्तव्य कर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है,जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से जोड़ने के साथसाथ उनमें रचनात्मकता संस्कार और सांस्कृतिक चेतना का भी संचार किया।

27 नवंबर को मनाया जाएगा बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक दिवस

स्वतंत्र समय, बैतूल



बाल विवाह के खिलाफ भारत से शुरू हुई मुहिम को वैश्विक पहचान मिली है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 27 नवंबर को बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह की समाप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। बैतूल में अभियान चला रहे प्रदीपन ने संयुक्त राष्ट्र के इस निर्णय का स्वागत किया है। प्रदीपन की निदेशक रेखा गुजरे ने कहा कि यह भारत और बाल अधिकारों के लिए गौरव का क्षण है, लेकिन बाल विवाह के पूर्ण उन्मूलन के लिए प्रयास जारी रखना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि बैतूल में सरकार और प्रशासन के सहयोग से कानूनी हस्तक्षेप के जरिए 882 बाल विवाह रुकवाए गए हैं। साथ ही स्कूलों, पंचायतों और गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया और बच्चों को दोबारा शिक्षा से जोड़ा गया।

बाल विवाह के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस की पहल जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक भुवन ऋषि ने की थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषणा को इस अभियान की बड़ी वैश्विक उपलब्धि माना जा रहा है।

बीएसडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू प्रवेश में पक्षपात के आरोप, स्थानीय छात्र हुए वंचित

स्वतंत्र समय, बैतूल/भैंसदेही।

शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पहल्यक्रम के बीएसडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू केंद्र में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय छात्र-छात्राओं का आरोप है कि पंजीयन कराने के बावजूद उन्हें फॉर्म जमा करने के अवसर नहीं मिला और पोर्टल पर सीटें फुल होने की जानकारी दिखाई गई। वहीं, कथित रूप से बाहरी तहसील एवं ब्लॉक के विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाने से स्थानीय छात्रों में नाराजगी है।

स्थानीय छात्रों का कहना है कि शासन द्वारा स्पष्ट रूप से अध्ययन केंद्र संचालित किए जाने का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा एवं समुदायिक के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देना है। ऐसे में स्थानीय विद्यार्थियों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। छात्रों के अनुसार पंजीयन के बाद फॉर्म जमा करने के संबंध में विभाग की ओर से उन्हें न तो फोन किया गया और न ही कोई सूचना दी गई। जब उन्होंने स्वयं पोर्टल पर फॉर्म जमा करने का प्रयास किया, तब तक सीटें फुल हो चुकी थीं।

शत-प्रतिशत प्रवेश के दावे का भी आरोप: सूत्रों के अनुसार शत-प्रतिशत प्रवेश का लक्ष्य पूरा करने तथा प्रवेश प्रक्रिया को लेकर बनाए गए दबाव के चलते कुछ परामर्शदाताओं द्वारा विद्यार्थियों की फीस स्वयं जमा किए जाने की बात भी सामने आई है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

कार्यालय बंद रहने और परामर्शदाताओं की अनुपस्थिति के आरोप: छात्रों ने केंद्र की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि केंद्र पर पांच परामर्शदाता नियुक्त हैं, लेकिन कुछ नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित नहीं होते। आरोप है कि कई बार परामर्शदाता केवल हाजिरी लगाकर चले जाते हैं। छात्रों के मुताबिक नियमानुसार प्रत्येक रविवार कक्षा तथा सप्ताह में दो दिन चयनित ग्राम प्रयोगशाला में फील्ड वर्क किया जाना चाहिए, लेकिन इन गतिविधियों का अपेक्षित रूप से संचालन नहीं हो रहा है।

छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि जब वे अपनी समस्याओं को लेकर ब्लॉक समन्वयक के कार्यालय पहुंचे तो कई बार कार्यालय बंद मिला। कार्यालय के संचालन का निर्धारित समय स्पष्ट नहीं होने तथा फोन पर संपर्क नहीं हो पाने से छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रवेश प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से नाराज स्थानीय छात्र-छात्राओं ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

बाहरी छात्रों को प्रवेश देने और ब्लॉक समन्वयक पर मनमानी का लगाया आरोप, जांच की मांग

इनका कहना है

मेरे द्वारा एमएसडब्ल्यू में रजिस्ट्रेशन किया गया था, मार्च मुझे फीस जमा करने के लिए कोई सूचना या फोन नहीं आया। जब मैंने फीस जमा करने के लिए पोर्टल देखा तो सीट फुल हो चुकी थी।

कात्यना बरासकर, गुदगांव

मेरे द्वारा बीएसडब्ल्यू में रजिस्ट्रेशन किया गया था। फीस जमा करने के लिए पोर्टल पर देखा तो सीट फुल हो गई थी। कोई सूचना या फोन नहीं आया। स्थानीय छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता नहीं मिलना गलत है।

देवीदास बारोकर, गुदगांव

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, बैतूल- भैंसदेही में संचालित बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू की सीटें अगर फुल हो गई हैं तो मैं कक्षित करूंगा कि किनका पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हो चुका है, उनका एडमिशन निर्धारित रूप से कराया जाए।

संतोष सिंह राजपूत, जिला समन्वयक

माध्यमिक शाला आलमपुर में उत्साहपूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस

शिक्षक एक दीपक की तरह, स्वयं जलकर दूसरों को करते हैं प्रकाशित

स्वतंत्र समय, आलमपुर

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला आलमपुर में शिक्षक दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता डोमा सिंह कुमरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं। शिक्षक स्वयं दीपक की तरह जलकर विद्यार्थियों के जीवन को ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सम्मान और मार्गदर्शन के बिना किसी भी समाज का समुचित विकास संभव नहीं है।

इस अवसर पर विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व और अनुशासन के प्रति जागरूक किया।

पालकों से बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने की अपील

सामाजिक कार्यकर्ता डोमा सिंह कुमरे ने पालकों से अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, उनके गृहकार्य की निगरानी करें तथा मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बचाएं। उन्होंने कहा कि पालक और शिक्षक मिलकर ही बच्चों के सर्वांगीण



विकास की मजबूत नींव तैयार कर सकते हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानपाठक प्रदीप मिश्रा, बद्री प्रसाद दामड़े, शिक्षिका श्रीमती तिवारी, डोमा सिंह कुमरे, लक्ष्मण यरकड़े, विजय राठौर, प्रकाश डुके, विसन मस्केाले, बारू चन्देलकर सहित पालकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
अंचल कार्यालय : यशुती एवं विधि शिखर, प्रथम तल ऑफिस काम्प्लेक्स, सी-स्कीम गोलम्बर नगर, भोपाल - 462023
शाखा: इमलिया रोड़ा, ए-5,6,7, इसरानी प्लाजा, भोपाल- 462001 फोन : 0755-2602358 / 9074275542

इण्डियनबैंक वाहन की ई-नीलामी हेतु बिक्री सूचना
(प्रतिभूतिकरण अनुवर्ध के रूल 7 के अनुसार)

सर्वसाधारण एवं ऋणी को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक देनदें के कुप्रबंधन में चूक के कारण इंडियन बैंक द्वारा रूपये में लिए गए निम्नलिखित सुरक्षितकरण वाहन की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से 'जहां है जैसा है, जैसा है जो है, एक जो कुछ भी है के आधार पर' नीचे उल्लिखित नियमों व शर्तों के अधीन की जाएगी।

1. ऋणी का नाम व शाखा	2. वाहन का विवरण	3. खातानुसार राशि	4. आरक्षित मूल्य व धरोहरी	5. नीलामी कार्यक्रम
श्रीमती सोनम नागले पति- श्री अशोक नागले पार्षद- सिवोट गणेशगंज, JU-21, इंडस टावर केज-4, रामपुर, हरिनिवास रोड, भोपाल **खातक: इमलिया रोड : (IFSC: IDIB000H056**	ट्रक्टर मॉडल **KIA SONET SMART STREAM (1.2 5MT HTL(O)** पंजीकन सं. MP04YD1383 इंजन सं. **G4LFBV454200** चेसिस सं. **MZBFB812LRN444960** भार / जल नहीं	₹ 11,84,124/- (डिमांड 23.09.2026 तक ब्याज व उपर सहित + आगामी संविदागत व्याज व खर्च लगत)	आरक्षित मूल्य ₹ 6,00,000/- जमाना राशि (10%) ₹ 60,000/- बोली वृद्धि राशि ₹ 10,000/-	ईएमडी जमा की अंतिम तिथि: 21.09.2026 ई-नीलामी की तिथि व समय: 22.09.2026 (घंटे 11:00 से 04:00 बजे)

कुछ नियम एवं शर्तें:
1. पोर्टल एवं ईएमडी: ई-नीलामी https://baanknet.com (Helpline: 8291228226) के माध्यम से होगी। इच्छुक खरीदारों को दिनांक 21.09.2026 को या उससे पहले रजिस्टर करना होगा, केवाईसी मैपिंगकिया पूरा करना होगा और अपनी सलीकत ईएमडी खरीद में ईएमडी हस्तांकन करना होगा। नीचे देय का केवल सांकेतिक नहीं किया जाएगा।
2. भुगतान जो नहीं आकलन नीलामीकर्ता को बोली का 25% (ईसमडी सहित) अपने खाते दिनांक तक जमा पेश 75% 15 दिनों में खाता संख्या 816859668 IFSC: (IDIB000B022) में जमा करना होगा। चूक पर जमा राशि जब्त होगी।
3. वैधानिक प्रभार: खातार हस्तांकरण, खातेदारों (TDS) पंजीकरण, टैक्स, चौथ एवं अन्य समतल वैधानिक खर्च पृथक्क क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे।
4. विस्तृत विवरण: विस्तृत नियमों, खातन निरीक्षण व्यवस्था उपलब्धता हेतु https://baanknet.com, www.indianbank.in, पर जाएं या शाखा प्रबंधक/प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थान: भोपाल
दिनांक: 06.09.2026
कार्यालय: शाखा प्रबंधक, इमलिया रोड शाखा
फोनाकाल: 9074275542 / 9826808468
जोनल ऑफिस, भोपाल (Phone: 0755-2602358 / 2583669)

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी / शाखा प्रबंधक
इंडियन बैंक, जोनल ऑफिस, भोपाल